[समय: २ घंटे] (कुल अंक: ६०)

सूचना : (1) निर्देशानुसार सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(2) उत्तर पुस्तिका में प्रश्न क्रमांक / उप-प्रश्न क्रमांक अवश्य लिखें ।

(3) सभी प्रश्नों के लिए अंक सम्मुख दिए गए हैं ।

प्रश्न 1 - निम्न में से किन्हीं दो की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए ? २०

(अ) साहेब हममें साहेब तुममें, जैसे प्राना बीज में ।
मत कर बंदा गुमान दिल में, खोज देख ले तन में ।

(आ) भरत प्रेमु तेहि समय जस तस कहि सकई न सेषु ।
कबिहि अगम जिमि ब्रह्म सुखु अह मम मलिन जनेसु ॥

(इ) माथे कनक गागरी आवहिं रूप अनूप ।
जेहि के अस पनिहारी सो रानी केहि रूप ॥

प्रश्न 2 - निम्न में से किन्हीं दो दीर्घउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए ? ३०

(च) कबीर के काव्य की दार्शनिक भूमिका का विश्लेषण कीजिए ?

(छ) 'सिंघल्द्वीप वर्णन खण्ड' के काव्य सौन्दर्य का विश्लेषण कीजिए ?

(ज) तुलसीदास की सौंदर्यपरक विशेषताओं का वर्णन कीजिए ?

प्रश्न 3 - निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए ?

(क) निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर लिखिए ? ०५

(I) संत काव्यधारा को किस अन्य नाम से जाना जाता है ?

(II) श्रीराम किसके अवतारी पुरुष है?

(III) कबीर के गुरु का क्या नाम था ?

(IV) जायसी किस शाखा के सर्वश्रेष्ठ कवि थे?

(V) नागमती वियोग वर्णन, किस महाकाव्य का अंश है ?



33048B84DCCEC80DF572C37E5320D85E

(ख) सही विकल्प का चयन कीजिए ? ०५

(I) बीजक' किसकी रचनाओ का संग्रह है ?

(क) कबीर (ख) जायसी (ग) सूरदास (घ) तुलसीदास

(II) निम्न में से कौन पद्मावत महाकाव्य में ब्रहम का प्रतीक माना गया है ?

(क) पद्मावती (ख) नागमती (ग) हीरामन (घ) राघव चेतन

(III) 'गीतावली' के रचयिता कौन हैं ?

(क) कबीर (ख) जायसी (ग) सूरदास (घ) तुलसीदास

(IV) रत्नसेन किसकी खोज में सिंघलद्वीप जाता है ?

(क) हीरामन (ख) गंधर्वसेन (ग) पद्मावती (घ) नागमती

(V) कबीर को 'वाणी का डिक्टेटर' किसने कहा है ?

(क) नंददुलारे वाजपेयी (ख) आचार्य रामचंद्र शुक्ल

(ग) नामवर सिंह (घ) आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी

---